

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 146 ● मुंबई, गुरुवार 23 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### जेएसजी स्टार के बैनर तले सेवा कार्य हुआ सम्पन्न



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जेएसजी स्टार उदयपुर के भामाशाहों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को साम्रगी भेंट की । जिसमें रमन जैन, विवेक दालावत, नितेश जैन दिपक जैन, विशाल जैन, गजेन्द्र सामर, सुरेश मेहता, राकेश मेहता, पंकज भाणावत के द्वारा बामनियाखेत विद्यालय के छात्र छात्राओं को 100 स्वेटर एवं 100 पानी की बोतल के साथ चोकलेट वितरण किया गया। वहीं संस्थान के प्रधानाचार्य ने सभी भामाशाहों को धन्यवाद दिया। इस दोहरान अध्यक्ष हिमांशु मेहता, प्रवीण नाहर, सदस्य चन्द्रिका जैन, पवन भंडारी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### विधार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की दी जानकारी



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 के दौरान आज परिवहन निरीक्षक राजेश कुमार पाठक के द्वारा द राईजिंग ईन्टरनेशनल विधालय पलोदडा के विधार्थियों को सड़क सुरक्षा के यातायात नियमों, गुडसेमेरिटन, तेज गति वाहन न चलाने, हेलमेट लगाने, गलत दिशा में वाहन संचालन नहीं करने, अन्डर एज ड्राइविंग, अवैध पार्किंग, वाहन संचालन के समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, सेफ्टी गियर्स (हेलमेट एवं सीट बेल्ट) का उपयोग इत्यादि की विस्तार से जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 के दौरान जिले में 01 जनवरी 2025 से 22 जनवरी 2025 तक वाहनों की चैकिंग कर अवैध वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाते हुए कुल 413 चालान बनाकर 8.78 लाख रूपये के प्रकरण दर्ज किये गये।

### पशुकल्याण पखवाडे पर जिला स्तरीय गोष्ठी सम्पन्न

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पशुपालन विभाग की ओर से आयोजित पशुकल्याण पखवाड़े पर जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम एवं दयाभाव जाग्रत करने की दृष्टि से कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रशासनिक अधिकारी व समन्वयक पशु कल्याण पखवाड़ा सत्यपाल सिंह चुण्डावत ने गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त कर विभाग के निर्देशानुसार शिविर आयोजन, शिक्षण संस्थाओं में व्याख्यान, प्रतियोगिताओं के साथ ग्राम पंचायतों की बैठक, पशुपालकों के साथ चौपाल, मनरेगा में श्रमिकों को इससे संबंधित जानकारी देने के साथ ही स्थानीय पत्रकारों को भी विभाग की इन गतिविधियों से अवगत कराने की बात कही। इस अवसर पर राज नोबल्स द्वारा पशु कल्याण विशेषांक के रूप में प्रकाशित कैलेंडर व विभिन्न अधिनियमों की प्रति उपलब्ध करवाई गई। ऋषभदेव व बडगांव नोडल प्रभारियों द्वारा पशु कल्याण पखवाड़ा पर किये गये आयोजनों को सराहा गया।

### खाद्य सुरक्षा सूची से स्वैच्छिक नाम हटवाने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत पात्र लोगों को लाभान्वित करने तथा अपात्र लोगों को सूची से हटाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। इसमें निष्कासन श्रेणी में शामिल लोगों को स्वैच्छिक रूप से सूची में नाम हटवाने के लिए 31 जनवरी 2025 तक का समय दिया गया है। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव-अप अभियान में खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अधिसूचना दिनांक 27.09.2018 के अन्तर्गत निष्कासन श्रेणी तय की गई है। इसमें वह परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, वह परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्व सरकारी /स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी/अधिकारी हो, परिवार की वार्षिक आय एक लाख से अधिक हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो ट्रेक्टर आदि।

# पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह बनी जान की दुश्मन, दूसरी ट्रेन की चपेट में आने से 10 यात्रियों की मौत

● पदमावत मीडिया

**मुंबई ।** मध्य रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले में आग लगने की अफवाह के कारण कम से कम 10 रेल यात्री नीचे उतर गए और बगल की पटरी से गुजर रही एक अन्य ट्रेन की चपेट में आ गए. एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना पचोरा के पास महेजी और परधाडे स्टेशनों के बीच हुई, जहां आग लगने की अफवाह के कारण लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस को किसी ने चेन खींचने के बाद शाम करीब पांच बजे रोक दिया. बताया जा रहा है कि जलगांव के पास यात्री ट्रैक से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गए, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई. पचोरा मुंबई से 400 किमी की दूरी पर स्थित है. रिपोर्ट के मुताबिक मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा कि पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री उतर गए और सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस से टकरा गए. जिले के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में छह से आठ



लोगों की मौत हो गयी. रेलवे की शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच में हॉट एक्सल या ब्रेक-बाइंडिंग (जाम) के कारण चिंगारी उठी, जिससे कुछ यात्री घबरा गए. उन्होंने जंजीर खींची और उनमें से कुछ पटरी से नीचे कूद गये। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि उसी समय बगल के ट्रैक से कर्नाटक एक्सप्रेस गुजर रही थी. रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र के मंत्री गुलाबराव पाटिल और जलगांव के संरक्षक मंत्री ने कहा, वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं, जिसके बाद अधिक जानकारी मिल सकेगी. रेलवे अधिकारी और कर्मचारी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पश्चिम रेलवे के वैतरणा रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर दरार मिलने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई की ओर जाने वाले अप-लाइन ट्रैक में दरार आ गई, जिससे शहर की लंबी दूरी की ट्रेनें प्रभावित हुईं. समय रहते समस्या की



पहचान हो जाने से बड़ा हादसा टल गया. रेलवे प्रशासन ने क्षतिग्रस्त ट्रैक को बदलने का काम शुरू कर दिया है. गुजरात से आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों को पालघर जिले के अन्य रेलवे स्टेशनों पर रोक दिया गया है. फिलहाल अप लाइन पर ट्रेनें धीमी गति से चल रही हैं. हालाँकि, इस दरार को भर दिया गया और एक बड़ी आपदा को टाल दिया गया।

## फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**मुंबई ।** पवई इलाके में फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले 7 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनमें 4 महिला आरोपी हैं. इस बात की जानकारी पुलिस विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सांताक्रूज पुलिस थाने के अंतर्गत रहने वाले प्रवीन सोलंकी को कुछ दिन पहले एक टेलीफोन कॉल आया. टेलीफोनकर्ता ने उन्हें लोन देने का लालच दिया. लोन पाने की आशा में प्रवीन सोलंकी ने टेलीफोनकर्ता को प्रोसेसिंग फीस के रूप में रू 2.60 लाख दिए. काफी दिन बीत जाने के बाद भी लोन ने मिलने पर प्रवीन को मालूम हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है. प्रवीन ने मामले की शिकायत सांताक्रूज पुलिस थाने में स्रद्धक्र क्रमांक 50/25 के अंतर्गत की. पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पवई के पवई प्लाजा मे छापा मारा. छापेमारी के दौरान पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाली 4 महिलाओं एवं 3 पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उनके पास से 15 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 53 सिमकार्ड, 1 प्रिंटर बरामद किया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है। सह पुलिस आयुक्त (लॉ एंड ऑर्डर) सत्यनारायण चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त परम जीत सिंह दहिया, जोन-9 के पुलिस उपायुक्त दीक्षित गेडाम , सहायक पुलिस आयुक्त मारुति पंडित के निर्देशानुसार उक्त कार्रवाई सांताक्रूज पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वैभव शिंगारे की टीम ने की है।

## पद्मावत के फैंस हो जाएं तैयार, इस दिन फिर से हो रही है री-रिलीज

● पदमावत मीडिया




**मुंबई ।** संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत अपनी 7वीं सालगिरह के मौके पर फिर से 24 जनवरी 2025 को थिएटर्स में रिलीज हो रही है. अब फैंस को एक बार फिर बड़े पर्दे पर इस शानदार फिल्म को देखने का मौका मिलेगा. दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर जैसे स्टार्स वाली पद्मावत आज भी इंडियन सिनेमा की सबसे खूबसूरत और कामयाब फिल्मों में से एक मानी जाती है। मलिक मुहम्मद जायसी की कविता पद्मावत पर बेस्ड ये ऐतिहासिक ड्रामा रानी पद्मावती की खूबसूरती, सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के खिलाफ उनकी हिम्मत और उनकी निडरता की कहानी है. संजय लीला भंसाली की जबरदस्त डायरेक्शन और भव्य प्रोडक्शन डिज़ाइन ने इसे दुनियाभर के दर्शकों के दिलों तक पहुंचाया। 2018 में जब पद्मावती रिलीज़ हुई, तो इसने हर तरफ तहलका मचा दिया. फिल्म की ग्रैंडनेस और शानदार एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया. दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती के रोल में अपना जलवा दिखाया, रणवीर सिंह ने खिलजी के किरदार में डर और जुनून भर दिया, और शाहिद कपूर ने राजा रतन सिंह की गरिमा को बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा. फिल्म की कहानी, उसकी भव्यता और डिटेलिंग को लेकर भी खूब बातें हुईं। पद्मावत को दोबारा रिलीज़ करने का फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि फैंस का इसे लेकर प्यार और क्रेज आज भी उतना ही जबरदस्त है. फिल्म को 7 साल पूरे हो रहे हैं, लेकिन इसकी कहानी, इमोशन्स और विजुअल्स का जादू अब भी बेमिसाल है. ऐसे में इसे फिर से बड़े पर्दे पर देखना एक शानदार मौका है, खासकर उनके लिए जो इस मैजिक को दोबारा जीना चाहते हैं।

## दहेज में मिले 11 लाख रुपए, दो प्लॉट और कार लौटाए

### सीआरपीएफ जवान ने मात्र एक रुपए लेकर की शादी



● पदमावत मीडिया

**सीकर ।** मकर संक्राति के साथ खरमास समाप्त होने के बाद शादी का मौसम फिर से शुरू हो चुका है. शुभ लग्न में शादियां हो रही है. भारत में शादी में दहेज एक बहुत बड़ी अभिशाप है. कई परिवार दहेज के कारण बर्बाद हो जाते हैं. कानूनी नजरिए से दहेज लेना और देना दोनों अपराध है. लेकिन सामाजिक स्टेटस के नाम पर अब भी जमकर दहेज लिया-दिया जा रहा है. इस बीच राजस्थान के सीकर जिले से दहेजलोभी समाज को एक बड़ा संदेश दिया गया है. यहां दहेज में मिले 11 लाख रुपए कैश, जमीन के दो प्लॉट और कार लौटाते हुए सीआरपीएफ के एक जवान में मात्र एक रुपए लेकर शादी की।

#### बेटी ही सबसे बड़ा धन, दहेज की जरूरत नहीं

मिली जानकारी के अनुसार सीकर जिले के फतेहपुर के खोटिया गांव में समाज को बड़ा संदेश देते हुए सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर मुकेश सिंह शेखावत ने शादी में मिले दहेज की ठुकराते हुए सिर्फ एक रुपये में शादी की रस्म पूरी कर समाज में अनूठी पहल पेश की है. उसने ससुराल पक्ष से कहा कि सबसे बड़ा धन बेटी का ही है जो अपना घर छोड़कर अगले घर की बहू बनती है।

#### जयपुर से बारात लेकर पहुंचे थे सीकर

राजपूत समाज में हुई इस शादी ने समाज के लिए एक अनूठा उदाहरण पेश किया है. दरसल मंगलवार रात बजरंग सिंह शेखावत के पौत्र मुकेश सिंह जयपुर बरात लेकर पहुंचे थे. जहां उनका विवाह शैतान सिंह जोधा (डाबडी) नागौर हाल निवासी जयपुर की पुत्री प्रमोद कंवर के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ.

#### 11 लाख रुपये, 2 प्लॉट और गाड़ी लौटा गए

विवाह में टीके में दुल्हन पक्ष की ओर से 11 लाख रुपये, 2 प्लॉट व गाड़ी दिए गए. जिसे दूल्हे तथा उनके स्वजन ने दहेज को एक सामाजिक बुराई बताते हुए बड़ी ही विनम्रता के साथ दुल्हन पक्ष को वापस लौटा दिया. साथ ही दहेज में मात्र नारियल और एक रुपया लेकर समाज के समक्ष एक अनूठी मिसाल पेश की. दूल्हे ने बिना दहेज की शादी कर स्वजन सहित गांव का नाम रोशन करने का कार्य किया है। दूल्हे मुकेश सिंह का कहना है कि समाज में फैली इस कुरीति को दूर करने के लिए युवाओं को स्वयं ही आगे आना होगा. सादगी से संपन्न हुए इस विवाह समारोह में नवदंपती को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे अतिथियों ने दूल्हे की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो हत्यारों को किया गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**मुंबई ।** मुंबई क्राइम ब्रांच 6,7,8 और 10 ने सयुंक्त रूप से काम करते हुए कांजुरमार्ग में हत्या करने वाले दो हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है. इस बात की जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जनवरी की शाम कांजुरमार्ग में राजेश मानबीरसिंह सारवान (41) की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी. जांच की जवाबदारी मुंबई क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी. चार दिन के अंदर ही क्राइम ब्रांच अधिकारियों ने तकनीकी और खबरियों की मदद से हत्यारों को ढूँढ निकाला. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों रोहित राजेश चांडालिया और सागर राजेश पिवाड को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी विलेपार्ले के निवासी हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है। सहपुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शशि कुमार मीना, पुलिस उपायुक्त विशाल ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त प्रशांत राजे , चंद्रकांत जाधव के निर्देशानुसार उक्त कार्रवाई क्राइम ब्रांच 6 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक भरत घोने , क्राइम ब्रांच 8 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक लक्ष्मीकांत सालुंखे, क्राइम ब्रांच 10 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक दीपक सावंत और क्राइम ब्रांच 7 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक आत्माजी सावंत की टीम ने की है।

## पहाड़ा को ग्राम पंचायत बनाने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ऋषभदेव एसडीएम को ज्ञापन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर जिले की ऋषभदेव पंचायत समिति के पहाडा और कानपुर के ग्राम वासियों ने आज फतेह सिंह राठौड के नेतृत्व में ऋषभदेव एसडीएम को ज्ञापन देकर के पहाड़ा गाँव को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार कानपुर एवं पहाड़ा गांव वर्तमान में पंड्यावाडा ग्राम पंचायत में शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत मुख्यालय से उनके गांव की दूरी 8 किलोमीटर के करीब है और पंचायत मुख्यालय तक आने-जाने के लिए ग्राम वासियों को किसी प्रकार की कोई यातायात साधन सुविधा उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इनके गांवों के अधिकांश पुरुष बाहर के शहरों में काम करते हैं घर पर महिलाएं और बच्चे ही हैं ऐसे में इनको पंचायत की अधिक दूरी होने से पंचायत संबंधी कार्यों में भी परेशानी होती है। ज्ञापन में बताया गया है कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में प्रस्तावित पंचायत पुनर्गठन के तहत जनसंख्या व भौगोलिक परिस्थितियों के मद्देनजर पहाड़ा गांव को प्राथमिकता से पंचायत का दर्जा दिया जाना चाहिए जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर पंचायत की सुविधा का लाभ मिल सके। प्रतिनिधिमंडल में पहाड़ा एवं कानपुर गांव के हड़मत सिंह राठौड़,पर्वत सिंह,केसर सिंह,अमर सिंह, कोदर लाल,बक्सी राम,कांति भाई, जयंती लाल,धर्मा भाई सुरमाल भाई सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल रहें।



## मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर चली पिस्तौल, चाकू और लोहे की रॉड, हमले में आठ घायल




● पदमावत मीडिया

**मुंबई ।** मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर नायगांव (पूर्व) में बुधवार दोपहर को तुंगारेश्वर फाटा के पास एक प्रतिद्वंद्वी समूह के कुछ हमलावरों ने पिस्तौल, चाकू और लोहे की छड़ों से हमला कर आठ लोगों को घायल कर दिया. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह घटना उन अधिकारियों की मौजूदगी में हुई, जो एक दिन पहले नायगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले से संबंधित पंचनामा करने के लिए घटनास्थल पर गए थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गोलियों की लगातार आवाज सुनकर स्थानीय लोग सहम गए, जिसकी कार छर्रे लगने से क्षतिग्रस्त हो गई थी. पुलिस ने कहा कि सात घायल लोगों को हाईवे पर स्थित विवान अस्पताल ले जाया गया, जबकि हमले में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को उन्नत उपचार के लिए वॉकहार्ट अस्पताल ले जाया गया। जोनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) और मीरा-भयंदर, वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी फिलहाल घटनास्थल पर हैं. क्राइम ब्रांच भी घटना की समानांतर जांच कर रही है. एक अन्य मामले में पुलिस ने रविवार को बताया कि ट्राइडेंट होटल में एक 60 वर्षीय महिला अपने कमरे में मृत पाई गई।

महिला 6 जनवरी से होटल में अकेली रह रही थी। पुलिस ने कहा कि उन्हें शनिवार, 18 जनवरी की दोपहर को होटल से शव के बारे में फोन आया. होटल स्टाफ के मुताबिक, अपने प्रवास के दौरान महिला ने शुक्रवार को हाउसकीपिंग को उसके कमरे में न आने की हिदायत दी और कहा कि वह जरूरत के मुताबिक खाना और पानी ऑर्डर करेगी. पुलिस ने कहा कि महिला के परिवार को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है. महिला एक महीने तक ताज होटल में रही।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

# कल्याणकारी अभियानों को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाया जाना आवश्यक : प्रो. एसके सिंह, कुलपति

● पदमावत मीडिया

**कोटा ।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की 10वी वर्षगाँठ पर समाज में जागरूकता बढ़ाने और बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गोद लिए गए गावों गामच और विजय नगर, तहसील - तालेड़ा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी रिस्पांसिबिलिटी सेल ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इन गांवों में बालिकाओं की शिक्षा और अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए रैलिया, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न संवाद सत्रों का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य गोद लिए गए गांवों में लैंगिक असमानता को कम करना और समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित करना है। आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय कैडेट कोर और आरटीयू ड्रामा क्लब के छात्रो और शिक्षकों ने मिलकर रैली निकालकर %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। बालिका शिक्षा और प्रौढ शिक्षा पर विशेषज्ञों ने संवाद किए एवं प्रेरक कहानियों के माध्यम से ग्रामीणों में जन जागरूकता का प्रयास किया गया। इस अभियान ने ग्रामीण समुदायों में सकारात्मक प्रभाव डाला है। ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने कहा की यह कार्यक्रम मात्र एक अभियान नहीं, बल्कि समाज को बेहतर दिशा देने का प्रयास है। हमें गर्व है कि हम बेटियों के अधिकार और शिक्षा के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने और बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। यह अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने के सन्देश के साथ बालिकाओं को शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने के असीमित अवसर प्रदान करेगा। आरटीयू के जागरूकता अभियानों ने ग्रामीणों में लैंगिक समानता के महत्व की गहरी समझ पैदा की है और ऐसे जन कल्याणकारी अभियानों को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाया है। हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे की अपनी बेटियों के अधिकारों की रक्षा और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करें और एक ऐसा समाज बनाएं जहां वे बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ सकें। आरटीयू का यह सामाजिक प्रयास बेटियों के लिए और भी अधिक प्रगति और सामाजिक अवसर लेकर आएगा।



## आरपीए में रोड सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन हुए 6 सेशन

# यातायात अधिनियमों की पालना में सख्ती से आएगी सड़क दुर्घटनाओं में कमीः एडीजी ट्रैफिक पालीवाल

● पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** यातायात प्रबंधन की दिशा में हमारा हर छोटा कदम मानवीय जीवन को सुखी और सुरक्षित बनाएगा। ऐसे में पुलिसकर्मी और अधिकारी यातायत से सम्बंधित अधिनियमों में छोटी–छोटी बातों पर ध्यान देते हुए रोजमर्रा की पुलिसिंग में लॉ एनफोर्समेंट की प्रभावी कार्यवाही करे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि और प्रभावित परिवारों जो संकट आता है, ऐसी दुःखद स्थितियों में सुधार आएगा।

यह बात अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) पुलिस, यातायात अनिल पालीवाल ने बुधवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आन रोड सेफ्टी विषय पर आरम्भ हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहीं। एडीजी पालीवाल ने कहा कि नए कानूनों के तहत 60 पुलिस एक्ट में यातायात से सम्बंधित विषयों पर एक्शन के लिए थाना और सर्किल स्तर के पुलिस अधिकारियों को विशेष पावर मिली हुई है। सुगम और सुरक्षित यातायात में दुकानों के आगे सामान और अन्य सामग्री का डिस्पले जैसी स्थितियों से जो बाधा उत्पन्न होती है, उन पर पुलिस अधिकारी संज्ञान लेते हुए एक्शन लें। उन्होंने कार्यक्रम में युवा प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यातायात प्रबंधन से जुड़े एक्ट और प्रावधानों को गहनता से समझे और उन्हें फील्ड में अमल में लाएं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं को मजबूत बनाते हुए एक्सीडेंट्स में पीड़ितों को तुरंत मदद और राहत दिलाने में योगदान देने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए कई स्कीम्स और पुरस्कार घोषित किए हैं, उनका व्यापक प्रचार–प्रसार करने की आवश्यकता है, नागरिकों की जागरूकता और सजगता से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की शासन सचिव एवं आयुक्त् शुची त्यागी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में किसी नागरिक की मृत्यु सम्बंधित परिवार के लिए एक बड़ी त्रासदी के समान होती है। उन्होंने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए 4 ई के सिद्धांत इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, एजुकेशन और इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा कि दुपहिया वाहन चलाने वाले के हेलमेंट पहनने और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट लगाने की सजगता से ही सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु के आंकड़े को घटाया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरूआत अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस एवं आरपीए के निदेशक एस सेंगथिर ने सड़क सुरक्षा के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ें में 50 प्रतिशत तक कमी लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी सम्बंधित विभाग, एजेंसीज और विशेषज्ञों को मिलकर संवेदनशीलता से प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश की पुलिसं रेंज में सड़क सुरक्षा की दिशा में सराहनीय कार्य करते हुए दुर्घटनाओं में ना?गरिकों के जीवन को बचाने में अहम योगदान देने वाले 20 पुलिसकर्मियों और खास नागरिको को कर्मवीरों के रूप में सम्मानित किया गया। इन कर्मवीरों ने पिछले एक साल के दौरान प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में सड़क दुर्घटनाओं में नागरिको की मदद की एवं पहल करके सड़क सुरक्षा अभियान का भी संचालन किया। । महले दिन आयोजित विशेष सत्रों में सड़क सुरक्षा में वर्तमान प्रगति पर आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर श्री वेंकटेश बालसुब्रमण्यम ने इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंड डाटाबेस सिस्टम के बारे में विस्तृत चर्चा की, जो पारंपरिक ट्रैफिक पुलिसिंग को डेटा एनालाइसिस के जरिए स्मार्ट एवं बेहतर बनने में मदद करती है। सड़क सुरक्षा प्रबंधन में क्षमता निर्माण विषय पर इंस्टीटयूट ऑफ रोड़ ट्रैफिक एज्यूकेशन, नई दिल्ली के प्रेसीडेंट रोहित बलूजा ने बताया कि भारत समूचे विश्व में सड़क दुर्घटना मृत्यु के आंकडों में प्रथम स्थान पर है। तृतीय सत्र में आईआरसी के पूर्व महासचिव एस के निर्मल ने सड़क सुरक्षा संबंधी चुनौतियों एवं उनके निराकरण के लिए भारतीय रोड़ कांग्रेस की गाईडलाइन के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र में एनपीए के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री नूपूर मोदी ने तकनीकी परीक्षण एवं दस्तावेजीकरण की विधियों पर विषेष चर्चा की। प्रथम दिन के अंतिम सत्र में एआरटीओं श्री वीरेन्द्र सिंह राठौड़ नें 'सड़क सुरक्षा के मूलभूत मानको' के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया।

### समापन गुरुवार को, होंगे पांच सेशन

कार्यक्रम की समापन के दिन गुरुवार को एक-एक घंटे के पांच सेशन होंगे। सेशन के प्रारम्भ में आधा घंटा पहले दिन की चर्चा पर वार्ता होगी। उसके बाद दूसरे दिन के पहले सेशन में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से परिचय देंगे। दूसरा सेशन सभी हितधारकों के लिए सड़क सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता विषय पर होगा, जिसके वक्ता मुस्कान फाउंडेशन, जयपुर के डॉ मृदुल भसीन होंगे। तीसरे सेशन युवा सहभागिता, सड़क सुरक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण के वक्ता भारतीय सड़क सुरक्षा अभियान (आईआरएससी) नई दिल्ली के सह-संस्थापक श्री दीपांशु गुप्ता, चौथे सेशन बुनियादी जीवन समर्थन, सीपीआर, दुर्घटना पीड़ितों के लिए सरकारी योजनाओं पर राज्य नोडल अधिकारी (सड़क सुरक्षा) जयपुर डॉ. एल. एन. पांडे एवं अंतिम सेशन में इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम एवं इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस के बारे में वरिष्ठ निदेशक (आईटी), एनआईसी राज्य समन्वयक, ई-ट्रांसपोर्ट सेवाएं, जयपुर श्रीपाल यादव प्रस्तुतीकरण देंगे।

## धानसा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने हेतु दिया ज्ञापन



● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** निकटवर्ती ग्राम धानसा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गांवडे को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के अनुसार धाणसा में बढती जनसंख्या व बढती बीमारियों को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजो को प्राथमिक उपचार ही मिल पाता है एवं गंभीर बीमारी एंव आपातकालीन स्थिति के लिये उच्च स्तर के अस्पताल पर इलाज के लिये दुर-दुर जाना पड़ता है । जो कि ज्यादा दुरी पर होने के कारण उचित समय पर इलाज नहीं मिल पाता है । जिसके कारण गाँव के लोगो को शारीरिक व आर्थिक रूप में नुकसान व समय पर ईलाज नही मिल पाता है। धानसा गाँव जिले में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा गाँव है एवं इसकी वर्तमान जनसंख्या लगभग अठारह हजार है । साथ ही इसके आस-पास सेरणा, मोदरान, धनानी, वीराणा, आसाना, थलवाड़, लोदराऊ, खेड़ा, बासड़ाधनजी सहित कई गाँव लगते है। इस प्रकार पूरे क्षेत्र की मिलाकर यहाँ की जनसंख्या लगभग दो लाख से अधिक होने के बावजुद एक भी सीएचसी नही है। बढ़ती जनसंख्या एवं धानसा सहित पूरे क्षेत्र की माँग को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धानसा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धानसा में क्रमोन्नत करवाने के लिए सोहनराज पटियात ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को भी ज्ञापन भेजा है । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धानसा का वर्तमान भवन भी हमारे पटियात परिवार द्वारा ही बनाकर विभाग को सुपुर्द किया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जाने कि लिए वर्तमान हॉस्पिटल में पर्याप्त भवन, डॉक्टर्स के लिए कार्टर आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और यह हॉम्पिटल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए सभी मापदण्ड पूरे करता है।

## शहर के विभिन्न खेल मैदानो पर होगी 19 वर्ष स्कूली छात्रा की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता, तैयारियों में जुटी विभिन्न समितियां

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुंदरवास उदयपुर के तत्वावधान में आगामी 29 जनवरी से 3 फरवरी तक उदयपुर में पहली बार स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की 19 वर्ष छात्रा वर्ग की 68 वी राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। आयोजन सचिव महात्मा गांधी स्कूल सुंदरवास के प्रधानाचार्य आशुतोष तुली ने बताया कि इसके लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की अपील पर शहर की प्रसिद्ध संस्थाओं द्वारा आयोजन में सहयोग के तौर पर कुल छः क्रिकेट खेल मैदान उपलब्ध करवा गए हैं। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय सिंह रावत ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शहर के गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल खेल मैदान, राजस्थान कृषि महाविद्यालय खेल मैदान, उत्तर पश्चिम रेलवे खेल मैदान, भूपाल नोवेल्स महाविद्यालय खेल मैदान, एमबी कॉलेज खेल मैदान ए व खेल मैदान बी पर यह प्रतियोगिता होगी। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लोकेश भारती ने बताया कि अलग-अलग कार्यों के लिए गठित समितियां अपने-अपने कार्य को आपस में समन्वय करते हुए अंतिम रूप देने में जुटी है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से आने वाली छात्रा क्रिकेटरों के लिए आवास की उत्तम व्यवस्था की जा रही है। संयोजक संजय वडाला समिति व मीडिया प्रभारी गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि सफल आयोजन के लिए विभिन्न भामाशाहों व संस्थाओं से संपर्क कर आर्थिक एवं अन्य प्रकार का सहयोग लेने के प्रयास किया जा रहे हैं।

## जलदाय विभाग द्वारा जर्जर पानी की टंकी को नष्ट करवाया, लेकिन मलबा नहीं हटाया ग्रामीणों में रोष व्याप्त

● पदमावत मीडिया

रिपोर्टः हितेश पालीवाल

**धरियावद।** नगर के पशुचिकित्सालय के सामने लगातार तीनो दिनों से ज़हरीले साँप लोगो के घरों में आ रहे इसका मुख्य कारण पुरानी पानी की टँकी को जर्जर होने पर जलदाय विभाग द्वारा 2 वर्ष पूर्व नष्ट किया गया था लेकिन अब तक टँकी का मलबा नही हटाया जिससे तीन दिनों से लगातार साँप घरों में आ रहे पूर्व में कई बार लोगो के घरों में ज़हरीले जीव जंतु आ रहे है जलदाय विभाग को कई बार मलबा हटाने की मांग की लेकिन विभाग की लापरवाही सामने दिख रही जर्जर टँकी को नष्ट कर दिया लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद टँकी का मलबा व लोहे पाईप को



अब तक नही हटाया जिससे आये दिन साँप आ रहे ग्रामीणों ने मलबा हटाने को लेकर उपखंड कार्यालय में ज्ञापन भी सोपा, मोके पर गो भक्त नवनीत पालीवाल ने साँप का सुरक्षित रेस्क्यू किया ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ रोष प्रकट कर नारेबाजी की मोहल्लेवासी नीलेश पालीवाल, रवि सोनी, नवनीत पालीवाल, चन्द्रकला अग्रवाल, शंकर लाल मेघवाल, विठल सोनी, मोहन मेघवाल, तुलसीराम मेघवाल, मनीष सोनी शिति मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से शीघ्र मलबा हटाने की मांग की ।

## नासिक के हाउसिंग सोसायटी में पार्किंग के लिए हुआ विवाद, मारपीट से परेशान व्यक्ति की अचानक हुई मौत

● पदमावत मीडिया

**नासिक ।** कमजोर दिल वालों से लड़ना कभी-कभी काफी बुरा साबित हो सकता है। इतना बुरा कि उनकी जान पर भी बन आ सकता है। कुछ ऐसा ही एक मामला नासिक से सामने आया है। जहां पर एक हाउसिंग सोसाइटी में पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी। नासिक में पंचवटी इलाके में स्थित एक हाउसिंग सोसायटी में पार्किंग विवाद के चलते एक व्यक्ति की कथित तौर पर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पीड़ित की पहचान हीराबाड़ी स्थित श्री केशव हरि अपार्टमेंट के निवासी बुधन लक्ष्मण विश्वकर्मा (49) के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को सोसायटी के अध्यक्ष वसंत घोडे और इमारत में रह रहे एक किरायेदार के बीच पार्किंग को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद सोसायटी के सभी निवासियों की एक बैठक बुलाई गई। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा का इस इमारत में एक फ्लैट था।

### बुधन के साथ मारपीट

वसंत घोड़े और उसके दोनों बेटे सोमवार को बुधन विश्वकर्मा के घर के पास इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे थे, तभी बुधन की पत्नी मोना ने उन लोगों को आगे जाने को कहा। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि घोडे और उसके बेटों ने मोना पर कथित रूप से हमला किया और बचाने आए बुधन के साथ भी मारपीट की।

### बेहोश होकर गिर पड़ा बुधन

मोना को सोमवार देर रात अस्पताल में भर्ती कर बुधन और उसका बेटा अस्पताल से बाहर आ रहे थे, तभी बुधन ने दर्द की शिकायत की और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। अंदाजा है कि बुधन को दिल का दौरा या हाइपरटेंशन हो गया हो, जिससे उसकी तबीयत बिगड़कर मृत्यु हो गई हो।

### मामला दर्ज, गिरफ्तारी नहीं

चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंदरूनी चोटों के कारण मौत की पुष्टि होने के बाद मंगलवार को पंचवटी पुलिस थाने में घोडे और उसके दो बेटों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। आगे की जांच जारी है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# प्रतापगढ़ पुलिस ने बाइक चोर को पकड़ा

## न्यायिक हिरासत में भेजा, दो मोटरसाइकिलें बरामद, पूछताछ में खुलासे की उम्मीद




● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक बड़े मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने स्वस्तिक मोटर्स के पूर्व कर्मचारी योगेश शर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। एसपी विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में थानाधिकारी दीपक बंजारा की टीम ने यह कार्रवाई की। मामला 16 जनवरी 2025 को सामने आया, जब स्वस्तिक मोटर्स के मालिक संजय गांधी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी फर्म से 11 नई मोटरसाइकिलें चोरी हो गई हैं।

### फर्म में काम करता था

जांच में सामने आया कि आरोपी योगेश शर्मा, जो छोटीसादड़ी थाना क्षेत्र के गागरोल का रहने वाला है और वर्तमान में अवलेश्वर में रहता है, फर्म में काम करता था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पाया गया कि योगेश दोपहर करीब 12ः30 बजे 3-4 लोगों के साथ फर्म के यार्ड में गया और 10 मिनट बाद लौट आया। शाम को वह दो अन्य युवकों के साथ फिर यार्ड में गया और मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया।

### हिरासत में लेकर पूछताछ की

पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर योगेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और शेष मोटरसाइकिलों की बरामदगी तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

## खाद्य सुरक्षा सूची से स्वैच्छिक नाम हटवाने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

### अंतिम तिथि के बाद निष्कासन श्रेणी में शामिल लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत पात्र लोगों को लाभान्वित करने तथा अपात्र लोगों को सूची से हटाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। इसमें निष्कासन श्रेणी में शामिल लोगों को स्वैच्छिक रूप से सूची में नाम हटवाने के लिए 31 जनवरी 2025 तक का समय दिया गया है। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव-अप अभियान में खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अधिसूचना दिनांक 27.09.2018 के अन्तर्गत निष्कासन श्रेणी तय की गई है। इसमें वह परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, वह परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्व सरकारी /स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी/अधिकारी हो, परिवार की वार्षिक आय एक लाख से अधिक हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) को शामिल किया गया है। निष्कासन श्रेणी के अन्तर्गत सम्मिलित उपभोक्ता अपना नाम स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से अनिवार्य रूप से 31 जनवरी 2025 तक हटवा लेवें। उक्त तिथि के बाद उक्त श्रेणियों के अपात्र परिवार के चिन्हीकरण के लिए सर्वे करवाया जाएगा तथा अपात्र पाए जाने पर परिवारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## ब्रह्माकुमारी राज योग केन्द्र द्वारा किया गया शिव रात्रि का प्रथम ध्वजारोहण

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** निकटवर्ती ग्राम निम्बावास में स्थानीय ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को धुमधाम से मनाने का आगाज करते हुए शिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रथम शिव ध्वजारोहण निम्बावास निवासी बी. के. गणेश भाई प्रजापत के बेरे पर अपने निवास स्थान से किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में स्थानीय राजयोग केन्द्र प्रभारी राजयोगिनी तपस्वी ब्रह्मचारिणी ब्रह्माकुमारी डा?. गीता बहन उपस्थित रही । विशिष्ठ अतिथि के रुप में संस्थान के बी. के. भाई बहनें उपस्थित रहे । निम्बास व अन्य जगहों से आये हुए धर्मप्रेमियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा?. गीता बहन ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए शिवरात्रि क्यों मनाई जाती है, शिवरात्रि के दिन क्या हुआ था, शिवलिंग पर बुन्द बुन्द पानी क्यों टपकता रहता है, उन पर बेलपत्र, अक व धतुरे की माला, बैर आदि क्यों चढ़ाये



जाते है पर प्रकाश डाला । शिव कौन है, शिव ने सृष्टि पर आकर क्या किया आदि विषयों को स्पष्ट करते हुए जनमानस को सच्ची राह प्रदान की । किस प्रकार हम अपने जीवन को आज के वातावरण के बीच में जीवन यापन करते हुए अपने आपको सन्मार्ग की ओर ले जाकर पुण्य व दुआओं का खाता जमा कर सकते है । उपस्थित सभी लोगों ने चारों ओर के वर्तमान हालात को देखते हुए अपने जीवन को सही दिशा देने का संकल्प लिया । तत्पश्चात बी. के. गणेश भाई के निवास पर शिवध्वज फहराया गया । शिवध्वज के नीचे सभी धर्मप्रेमियों ने नये वर्ष में नयी शुरुआत करने के लिए शिव परमात्मा का वरदान प्राप्त किया । उपस्थित सभी लोगों ने पवित्र ब्रह्मचारियों के हाथों से बना ब्रह्माभोजन स्वीकार किया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस मौके पर रेखाराम प्रजापत, दिनेशपुरी गोस्वामी, दलाभाई चौधरी, मुकेश भाई प्रजापत, भंवर भाई, केसाराम भादरडा, मूलाराम, हीराराम, डूंगराराम, ग्राम विकास अधिकारी हरसनराम, जानुराम भागलभीम, नरपत, श्रवण वी., प्रवीण, दीपाराम, डायाराम, संजु, अर्जुन भाई जीनगर, गणेश भाई प्रजापत, नारायण भाई, श्रवण भाई, कीर्ति बहन, मंजु बहन पटेल, अंजली बहन, पोसु माता, राधा बहन, रिन्कु बहन, शारदा माता, कुमुद माता, देवु माता, सुबटी देवी, मोयादेवी, संगीता देवी एवं निम्बावास गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अर्पित भाई के दीक्षा में आने का दिया जैन संघ को निमंत्रण

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** महावीर स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर चिकपेट बैंगलोर में आयोजित शंखेश्वर पार्श्र्वनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ राजाजी नगर बैंगलोर के तत्वाधान में मुमुक्षु अर्पितभाई प्रविणभाई शाह परिवार द्वारा भव्य वर्षीदान का वरधोडा शंखेश्वर पार्श्र्वनाथ जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ। जो विभिन्न राजमार्गो से होते हुए सलोत आराधना भवन में पहुंचे, वहां धर्म सभा में परिवर्तन हुआ । आचार्य विज्ञानप्रभ सूरीश्वर म.सा आदि ठाणा साधु - साध्वी की पावन निश्रा में आयोजित सम्मान समारोह में संघ की ओर से एवं विविध संघ - संस्थाओं अन्य गणमान्य महानुभावों ने मुमुक्षु अर्पितभाई का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुमुक्षु अर्पित भाई को विजय तिलक करने का लाभ नरेशकुमार बंबोरी परिवार ने लिया एवं चावल से बघाने का लाभ डूंगरचंद चौपड़ा परिवार ने लिया मुमुक्षु ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए उपस्थित सभी जनों को दीक्षा में शामिल होने का निवेदन किया। दीक्षार्थी ने बताया कि मेरी दीक्षा 27 जनवरी को गिरनार तीर्थ में अखंड आयंबिल के आचार्य हेम वल्लभ सुरीश्वरी की निश्रा में होगी।

### नेम चरणे, हेम शरणे, अर्पित जीवन समर्पण

गुरु ने कहा कि संयम पंथ आत्म कल्याण का मार्ग है। एवं इस अवसर पर प्रासंगिक कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी । संघ की और से मुमुक्षु के माता-पिता का सम्मान भी किया गया । मुमुक्षु का पिता प्रवीणभाई एम शाह ने सभी



को धन्यवाद दिया। मुमुक्षु परिवार द्वारा अनुकंपा दान किया गया। युवक मंडल एवं विविध महिला मंडल सुंदर सहयोग दिया ।

रंजीत गुरु का सुंदर सहकार मिला। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्रगुरु ने किया । संघ के प्रमुख जयंतीलाल नागरदास शाह ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर ट्रस्टी गणो की उपस्थिति भी रही । कार्यक्रम पश्चात दीक्षा परिवार द्वारा मातृश्री केशरबेन मानवचंद लाल शाह उन वाला हस्ते श्रीमती कैलाश बेन प्रवीण भाई शाह बैंगलोर की ओर से स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया ।

# प्रतापगढ़ में चोरी की बाइक 24 घंटे के अंदर बरामद

## चोर गिरफ्तार, घर के बाहर से लेकर भागा था, पूछताछ में खुलासे की उम्मीद

● पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 24 घंटे के भीतर चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में थाना कोटड़ी पुलिस ने यह सफल कार्रवाई की। मामले के अनुसार, 19 जनवरी को राहुल मीणा निवासी भैरूखांखरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी स्प्लेंडर प्लस बाइक 18 जनवरी की रात करीब 11:30 बजे घर के बाहर से चोरी हो गई। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। थानाधिकारी अरुण खांट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी लखन (27), निवासी नई आबादी कचनारा, थाना दलोदा, जिला मंदसौर ने चोरी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। आरोपी के खिलाफ धारा 379 IPC के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में संतोष की भावना है।

# तुर्किये के रिसॉर्ट में आग से अब तक 76 लोगों की मौत एर्दोगन बोले- दोषियों को नहीं बख्शेंगे

● पदमावत मीडिया



**तुर्की एजेंसी।** येरलिकाया ने कहा कि मृतकों में से 45 की पहचान कर ली गई है, जबकि अन्यकी पहचान के प्रयास जारी हैं। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों ने इस घटना की जांच के तहत नौ लोगों को हिरासत में लिया है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस भीषण अग्निकांड के दोषियों को कड़ी सजा देने का ऐलान किया है। देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में 12 मंजिला होटल में आग लगने से 76 लोगों की मौत हो गई और 51 अन्य घायल हो गए। यह घटना बोलू प्रांत के कोरोग्लू पहाड़ों में कार्तलकाया के ग्रैंड कार्तल होटल में हुई।

अधिकारियों के अनुसार, आग से बचने के लिए होटल की इमारत से कूदते समय दो लोगों की जान चली गई। आग स्कूल की छुट्टियों के दौरान लगी। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने यह जानकारी दी। येरलिकाया ने कहा कि मृतकों में से 45 की पहचान कर ली गई है, जबकि अन्यकी पहचान के प्रयास जारी हैं। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों ने इस घटना की जांच के तहत नौ लोगों को हिरासत में लिया है। तुर्की के राष्टपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस भीषण अग्निकांड के दोषियों को कड़ी सजा देने का ऐलान किया है। कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों के सहारे अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। आयदीन ने बताया कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने बताया कि जिस वक्त आग लगी, उस समय वह सो रहे थे। घटना के बाद वह इमारत से बाहर भागे। उन्होंने एनटीवी टेलीविजन को बताया कि इसके बाद उन्होंने होटल से करीब 20 मेहमानों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल में धुआं भर गया था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया। इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पर्वतीय क्षेत्र में स्थित एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट है। तुर्किये में स्कूलों की छुट्टियां चल रही हैं और इस दौरान क्षेत्र के होटल आम तौर पर भरे हुए रहते हैं। आयदीन के कार्यालय ने बताया कि दमकल के 30 ट्रक और 28 एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया। एहतियात के तौर पर रिसॉर्ट के अन्य होटलों को खाली करा लिया गया और मेहमानों को बोलू के आसपास के होटलों में ठहराया गया है। इस बीच, मध्य तुर्किये में एक अन्य स्की रिसॉर्ट के होटल में विस्फोट की घटना में चार लोग घायल हो गए। विस्फोट सिवास प्रांत के यिल्डिज माउंटेन विंटर स्पोर्ट्स सेंटर में हुआ।

# कार्रवाई से बचने के लिए डॉक्टर पर लगाया अभद्रता का आरोप

● पदमावत मीडिया

**लखनऊ एजेंसी।** लखनऊ में कार्रवाई से बचने के लिए कर्मी ने डॉक्टर पर ही अभद्रता का आरोप लगा दिया। यही नहीं 14 जनवरी को शिकायत दर्ज करा दी थी। राजधानी लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में डॉक्टर पर आरोप लगाने वाला कर्मचारी खुद ही फंस गया है। केजीएमयू प्रशासन के मुताबिक कर्मचारी के खिलाफ डॉक्टर ने 14 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी। इसकी कार्रवाई से बचने के लिए कर्मचारी ने उल्टा डॉक्टर पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए 21 जनवरी को पत्र सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। केजीएमयू मीडिया सेल के फैकल्टी इंचार्ज प्रो.केके सिंह के मुताबिक क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में तैनात कर्मचारी नीरज सिंह के खिलाफ वहीं के डॉक्टर ने 14 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी।

# धूमधाम से मनाया जाएगा कांठल कला एवं संस्कृति महोत्सव

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला प्रशासन प्रतापगढ़, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग प्रतापगढ़ और पर्यटक स्वागत केन्द्र चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कांठल कला एवं संस्कृति महोत्सव 24 और 25 जनवरी 2025 को प्रतापगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह महोत्सव प्रतापगढ़ जिले की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रकट करने और जन-जन तक इसे पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने अधिकारियों को जिम्मेदारी आवंटित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए है।

### गंगा आरती एवं दीपोत्सव - 24 जनवरी को

इस महोत्सव का शुभारंभ 24 जनवरी, शुक्रवार को दीपेश्वर तालाब, प्रतापगढ़ पर सायं 5 बजे से गंगा आरती और दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ होगा। यह आयोजन प्रतापगढ़वासियों के लिए एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव होगा।

### रैली और सांस्कृतिक संध्या - 25 जनवरी को

महोत्सव का द्वितीय दिवस 25 जनवरी, शनिवार को एक भव्य रैली से शुरू होगा, जो किला परिसर से कृषि उपज मंडी प्रांगण तक प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक संध्या और समापन समारोह शाम 6 बजे से कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जो महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगे।

# नीम का पेड़ काटते समय टूटकर पोल पर गिरी डाल खंभा गिरने से मां-बेटे की मौत

● पदमावत मीडिया

**अयोध्या एजेंसी।** नीम का पेड़ काटते समय एक डाल टूटकर पोल पर गिर गई। इससे खंभा टूट गया और इसमें दबकर मां-बेटे की मौत हो गई। घटना से चीख पुकार मच गई। यूपी के अयोध्या में बुधवार को नीम का पेड़ काटते समय डाल टूटकर बिजली के पोल पर गिर गई। इससे पोल टूट गया। पोल की चपेट में आकर मां और बेटे की मौत हो गई है। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घटना कुमारगंज थाना क्षेत्र के उधरनपुर गांव की है। गांव निवासी रमजान अपना नीम का पेड़ ठेकेदार के हाथ बेचे थे। बुधवार को रहमानीगंज निवासी एक ठेकेदार पेड़ कटवा रहा था। जैसे ही पेड़ की डाल काटी गई, पास से गुजर रही गांव के बिजली पोल के केबिल पर जा गिरी। थोड़ी दूर पर स्थित बिजली लाइन का एक अन्य पोल गांव निवासी रईस अली के दरवाजे के सामने गड़ा था। इसके पास रईस अली (45) व उनकी माता वहीदुल निशा (65) बैठ कर बात कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नीम की डाल केबिल पर गिरने से रईस अली के घर के पास का बिजली पोल टूट गया। पोल रईस और उनकी वृद्ध माता के ऊपर गिर गया। इससे मां और बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। थाना कुमारगंज की पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी और नायब तहसीलदार राम प्रकाश मिश्र की मौजूदगी में पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने पीड़ित परिजनों के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# ट्रंप ने 500 अरब अमेरिकी डॉलर की एआई पहल की घोषणा की

● पदमावत मीडिया



**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी तथा तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी।'' अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के माध्यम से कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इसे ओरेकल, सॉफ्टबैंक और ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाया जा रहा है। 'स्टारगेट' नामक यह उद्यम, अमेरिकी डेटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश को दर्शाता है। ये तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरुआत टेक्सास में निर्माणाधीन 10 डेटा केंद्रों से होगी। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति ने कहा, '' उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी तथा तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी।''उन्होंने कहा, '' स्टारगेट तुरंत काम शुरू करेगा, ताकि एआई में अगली पीढ़ी की प्रगति को बढ़ावा देने के लिए भौतिक तथा आभासी बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सके।

# देवनानी स्वस्थ, एस.एम.एस अस्पताल से हुए डिस्चार्ज



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी के निर्देशन में गठित चिकित्सकों के दल ने सभी जांचे सामान्य आने के बाद उन्हें बुधवार को सायं अस्पताल से डिस्चार्ज किया। देवनानी ने कहा कि वे स्वयं को स्वस्थ महसूस कर रहे है। अध्यक्ष देवनानी से बुधवार को भी उनके हाल चाल लेने वालों का तांता लगा रहा। विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, सरकारी मंत्री गौतम दक, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, विधायक शिखा मील बराला, कल्पना देवी, विरेन्द्र सिंह सहित जयपुर और अजमेर के अनेक जनप्रतिनिधिगण तथा सैकडों की संख्या में आमजन ने देवनानी के स्वास्थ्य के हाल-चाल जाने और और उन्हें सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष देवनानी ने सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल प्रशासन को उनके स्वास्थ्य जांच में किए गए सराहनीय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# लालगंज अतरैला टोल प्लाजा पर करोड़ों का घोटाला एसटीएफ ने तीन को पकड़ा

● पदमावत मीडिया



**आजमगढ़ एजेंसी।** एसटीएफ टीम ने अतरैला टोल प्लाजा पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।टोल प्लाजा पर होने वाली वसूली को कर्मचारी कम दिखाते थे। वे निजी सॉफ्टवेयर के जरिए टोल वसूली कर रहे थे। लखनऊ मुख्यालय की एसटीएफ टीम ने अतरैला टोल प्लाजा पर छापेमारी कर करोड़ों रुपये के बड़े घोटाले का खुलासा किया है। एसटीएफ ने मामले में तीन टोलकर्मियों को गिरफ्तार कर लालगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज कराकर एसटीएफ आरोपियों को लेकर चली गई। माना जा रहा है कि लगभग 120 करोड़ का घोटाला हुआ है। जिसका खुलासा एसटीएफ लखनऊ में करेगी। टोल पर होने वाली वसूली में अनियमितता की शिकायत पर एसटीएफ लखनऊ के निरीक्षक दीपक सिंह के नेतृत्व में मंगलवार की देर रात छापेमारी की गई। जांच में सामने आया कि टोल प्लाजा पर सॉफ्टवेयर के जरिए टोल कलेक्शन की वास्तविक राशि छिपाई जा रही थी। सरकार को कम राजस्व दे रहे थे। मामले में एसटीएफ ने प्रयागराज के मेजा रानीपुर निवासी राजू मिश्रा, मध्य प्रदेश के सीधी मझौली कचवर निवासी मनीष मिश्रा और जौनपुर के सराय ख्वाजा निवासी आलोक कुमार सिंह को गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जांच में यह भी पता चला कि इस गड़बड़ी का दायरा केवल अतरैला टोल प्लाजा तक सीमित नहीं है। 42 अन्य टोल प्लाजा में भी इस तरह की अनियमितताओं की संभावना है। बताया कि आरोपियों ने खुद का सॉफ्टवेयर विकसित कर सरकारी राजस्व में करोड़ों रुपये की हेरफेर की। प्रारंभिक जांच में घोटाले का आंकड़ा करोड़ों रुपये तक पहुंचने की आशंका है। फिलहाल एसटीएफ मामले की गहन जांच कर रही है। अन्य टोल प्लाजा पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। इस बड़े घोटाले को लेकर टोल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# आलीशान बंगले की चाह में ट्रक ड्राइवर से कुख्यात बदमाश बन गया मनवीर

● पदमावत मीडिया



**शामली एजेंसी।** कुछ माह पूर्व मनवीर शराब तस्करी में जेल गया था, जहां उसकी मुलाकात मुठभेड़ में मारे गए अन्य बदमाशों से हो गई थी। मनवीर पर रेप का मामला भी दर्ज था, जिसमें वह बरी हो गया था। उदपुर गांव के जंगल में मुठभेड़ में मारा गया करनाल का मनवीर पहले ट्रक ड्राइवर था। ट्रक चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। आलीशान बंगले की चाह में उसने मुकीम काला गैंग के अरशद के साथ मिलकर वारदातों को अंजाम देना शुरू किया। पुलिस के अनुसार, मनवीर मूल रूप से करनाल के पीर बडौली गांव का रहने वाला और अविवाहित था। उसके पिता फूल सिंह पहले पानीपत में रहते थे। करीब 21 साल से वह पीर बड़ौली में रह रहे थे और फैक्ट्री में काम करते थे। मनवीर का भाई भी जिस फैक्ट्री में पिता काम करते हैं, उसी में काम करता है। मगर उसके मन में हमेशा यही ख्वाहिश थी कि वह एक बड़े बंगले का मालिक हो। आलीशान जिंदगी वह जीना चाहता था। इसी कारण जुर्म की राह पर चल निकला। पुलिस की जांच में पता चला है कि कुछ माह पूर्व ही मनवीर शराब तस्करी के आरोप में पकड़ा गया था, जिस पर वह जेल में बंद रहा। जेल में उसकी मुलाकात मुठभेड़ में मारे गए बदमाशों से हो गई थी। वर्तमान में वह जमानत पर बाहर आया हुआ था। मनवीर पर रेप का मामला भी दर्ज था, जिसमें वह बरी हो गया था।

### परिजन बोले, खाने पीने के लिए गया था

परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनवीर कुछ समय पूर्व ही वैष्णो देवी से आया था। दो दिन पूर्व ही वह घर से दोस्तों के साथ खाने पीने की बात कहकर गया था। मगर उसके मुठभेड़ में मारे जाने की सूचना मिली।

## राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2025

# 76वें गणतंत्र दिवस के स्वागत में सजधज कर तैयार हो रही लेकसिटी

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भक्ति, शौर्य, बलिदान और स्वाभिमान की धरा मेवाड़ एक बार फिर राष्ट्रीयता और देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत होने के लिए तत्पर है। अवसर है 76वें गणतंत्र दिवस का। देश की आन-बान और शान के प्रतीक इस राष्ट्रीय पर्व के स्वागत के लिए लेकसिटी सजधज कर तैयार हो रही है। गणतंत्र दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह की मेजबानी मिलने से न केवल उदयपुर अपितु समूचा मेवाड़-वागड़ अंचल गौरवान्वित है। संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी और जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के नेतृत्व में टीम उदयपुर इस आयोजन को अभूतपूर्व बनाने की तैयारियों में जुटी हुई है।

### ड्रोन शॉ रहेगा आकर्षण का केंद्र

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आकर्षण फतहसागर की पाल पर 25 जनवरी की शाम को होने वाला ड्रोन शॉ रहेगा। तकरीबन 50 लाख रूपए की लागत से होने वाले इस आयोजन में ड्रोन की मदद से रंगबिरंगी लाइटिंग के जरिए आसमान पर विविध आकृतियां नजर आएंगी। ड्रोन शॉ में देश की आन-बान और शान की प्रतीति हेगी। इसके अलावा इंडियन आर्मी की ओर से चलाए जाने वाली शस्त्रों की प्रदर्शनी, घुड़सवारी शॉ तथा फूलों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### चहक उठी सहेलियों की बाड़ी

विश्व पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट स्थान रखने वाले उदयपुर शहर की आइकॉन कही जाने वाली सहेलियों की बाड़ी चहक उठी है। गौरवशाली इतिहास और बेजोड़ प्राकृतिक नजारों के लिए प्रसिद्ध इस ऐतिहासिक सहेलियों की बाड़ी में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के तहत 25 जनवरी को एट होम कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसमें माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री सहित कई अति विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। आयोजन के मद्देनजर आवश्यक मरम्मत, जीर्णोद्धार व सजावट संबंधी कार्यों के लिए सहेलियों की बाड़ी को पर्यटकों एवं आमजन के लिए फिलहाल बंद कर रखा है। सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से यहां आवश्यक सिविल एवं सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर हैं। इसके तहत एप्रोच सड़क का डामरीकरण, वेलकम फाउंटेन में पत्थर फर्शी की घिसाई, ऐनेमल कलर कार्य, प्रवेश द्वार पर रंगरोगन, बिना बादल बरसात फव्वारे में पोण्ड की सफाई, ऐनेमल पेंट, सीआई पाइपलाइन बदलना, चबूतरे की फर्शी, छतरियों की सफाई व ग्लास आदि बदलने के कार्य शामिल हैं। साथ ही बाड़ी में विभिन्न स्थानों में रैलिंग लगाने, टूटे पत्थर बदलने, कमल तलाई के चारों ओर पत्थर की घिसाई व फर्श संबंधी कार्य, विभिन्न फव्वारों में आर्टिस्ट द्वारा मूर्तियों का रंगरोगन, बाड़ी में स्थित सुविधाघरों की मरम्मत व सफाई आदि कार्य चल रहे हैं। इससे बाड़ी का स्वरूप निखर उठा है।

### और अधिक निखरी झीलों की नगरी

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की मेजबानी को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मुख्य समारोह स्थल महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउण्ड) सहित फतहसागर की पाल, टाउन हॉल स्थित शहीद स्मारक और सहेलियों की बाड़ी सहित शहर के सभी प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई, रंगरोगन और सजावट का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। पर्यटकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करने वाली लेकसिटी इन दिनों और अधिक निखरी-निखरी सी नजर आने लगी है।

### जिला कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बुधवार को भी महाराणा भूपाल स्टेडियम पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। वहां उन्होंने व्यापक स्तर पर चल रही तैयारियों, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देशस दिए। इस दौरान युडीए आयुक्त राहुल जैन, सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, गिर्वा एसडीएम रिया डाबी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वत्व दावा प्रपत्र 31 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन करने के दिशा-निर्देश

**उदयपुर।** उदयपुर जिले में कार्यरत राज्य कर्मचारी जिनकी जन्म दिनांक 01.04.1965 से 31.03.1966 है उनकी राज्य बीमा पॉलिसी 01.04.2025 को परिपक्व हो रही है, उन कार्मिकों को 1 अप्रेल 2025 को बीमा पॉलिसियों का भुगतान किया जाएगा। उनके बीमा परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र जिन कर्मचारियां ने आज दिनांक तक ऑनलाइन नहीं भरे है ऐसे सभी कर्मचारी एसएसओ आईडी पर सेवा काल विवरण, बीमा रिकॉर्ड बुक तथा मूल पॉलिसी ई-बेग में अपलोड कर 31 जनवरी तक न्यू एसआईपीएफ पोर्टल (3.0 वर्जन) पर ऑनलाइन आवेदन करें, ताकि भुगतान की कार्यवाही की जा सके। किसी प्रकार की समस्या आने पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग उदयपुर कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। 1 अप्रैल 2025 के पश्चात इन प्रकरणों में बोनस एवं ब्याज देय नहीं होगा एवं इसके पश्चात् प्राप्त होने वाले स्वत्व दावा प्रपत्र के भुगतान में होने वाले विलम्ब की जिम्मेदारी इस विभाग की नहीं होगी।

# मल्टी मीडिया प्रदर्शनी में आधार कार्ड में संशोधन हेतु लगी नागरिकों की कतार

### केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से अनेक प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन
### प्रदर्शनी में बेटी बचाओ बेटी पढाओ दिवस मनाया गया

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर द्वारा आयोजित विकसित भारत एटदीरेट 2025 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में भारतीय डाक विभाग द्वारा आधार कार्ड में विभिन्न दुरुस्ती की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। डाक निरीक्षक ऐश्वर्य भटनागर ने बताया कि प्रदर्शनी में डाक विभाग की स्टॉल पर आधार कार्ड की जानकारी में दर्ज नाम, पता, जन्म दिनांक, बायोमेट्रिक डाटा, मोबाइल नंबर तथा छायाचित्र में भी परिवर्तन और दुरुस्ती कराई जा सकती है। इसके अलावा जिन लोगों के पास आधार कार्ड नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेज लाकर यहाँ नया आधार कार्ड भी बनवा सकते हैं। डाक विभाग के विकास अधिकारी राहुल सोनी तथा आधार पर्यवेक्षक विशाल खटीक और रितिक शर्मा सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक इस कार्य में जुटे हुए हैं। पिछले तीन दिनों में सौ से अधिक लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। प्रदर्शनी के तीसरे दिन आयोजित सत्र में मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने कहा कि विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग की और से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दिवस मनाया एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई भी दिलाई गई। विभाग के उप निदेशक संजय जोशी ने भी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी, पुशअप, गीत गायन तथा नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कला समूह लीला देवी तेरहताली पार्टी के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह प्रदर्शनी 24 जनवरी तक सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आम नागरिकों के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

# कोड फॉर चेंज अभियान में 40 सरकारी स्कूलों में कोडिंग एवं रोबोटिक्स क्लब हुए शुरू

## भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक पद्मभूषण डॉ. दौलत सिंह कोठारी की धरती पर तैयार हो रहे वैज्ञानिक



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार रहे पद्म भूषण और पद्म विभूषण डॉ. दौलत सिंह कोठारी की धरती उदयपुर में विज्ञान समिति के तत्वावधान में कोड फॉर चेंज अभियान के तहत जिले के 40 सरकारी स्कूलों में कोडिंग और रोबोटिक्स क्लबों की शुरूआत हो चुकी है और इसके माध्यम से गांव-देहातों के विद्यार्थियों को कोडिंग और रोबोटिक्स का अप-टू-डेट प्रशिक्षण देते हुए वैज्ञानिक बनाया जा रहा है। अब तक प्रशिक्षण के दो चरण हो चुके हैं और 200 विद्यालयों के विद्यार्थियों को इससे लाभांवित करने का लक्ष्य समिति द्वारा लिया गया है। बुधवार को इसी श्रृंखला में विज्ञान समिति सभागार में चार दिवसीय एडवांस रोबोटिक्स प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें उदयपुर के विभिन्न राजकीय विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया तो मौजूद अतिथि भी आश्चर्यचकित हो गए।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का होगा निर्माण

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त निदेशक (जनसंपर्क) डॉ. कमलेश शर्मा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा किए गए रोबोटिक्स एवं फिजिकल कंप्यूटिंग के प्रयोगों को देखकर कहा कि विज्ञान समिति नन्हें वैज्ञानिकों को तैयार करने का सराहनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर विज्ञान समिति के अध्यक्ष डॉ. महीप भटनागर एवं संस्थापक डा. के.एल कोठारी ने विज्ञान समिति को स्टेम शिक्षा का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में मूर्त रूप प्रदान करने की घोषणा की। विद्यालय उद्यम संस्था के प्रतिनिधि कैलाश चन्द्र रावल ने संपूर्ण परियोजना की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया। अध्यक्ष डॉ. महीप भटनागर ने बताया कि समिति की पहल पर उद्यम संस्था द्वारा अब तक उदयपुर के विभिन्न तहसीलों में इस संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा चुका है।

### इन विधाओं का देंगे प्रशिक्षण

डॉ. भटनागर ने बताया कि संबंधित विद्यालय, उद्यम संस्थ वा वि विज्ञान समिति उदयपुर के संयुक्त तवावधान में उदयपुर जिले के राजकीय विद्यालयों को स्टेम शिक्षा का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का लक्ष्य है। प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाले छात्र एवं छात्राएँ अपने विद्यालय में कोडिंग एवं रोबोटिक्स क्लब की स्थापना करेंगे एवं अपने सहपाठियों के साथ रोबोटिक्स, कोडिंग, थ्रीडी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन तकनीक, फिजिकल कंप्यूटिंग, चिप डिजाइन, सोलर इंजीनियरिंग एवं डिजाइन थिंकिंग का अभ्यास करेंगे।

### 200 विद्यालयों में प्रसारित होगा लक्ष्य

डॉ. भटनागर ने बताया कि कोडिंग एवं रोबोटिक्स क्लब के लीडर अपने विद्यालयों में क्लब की स्थापना करेंगे। प्रत्येक लीडर्स को यह कार्य करने के लिए सामाजिक पूंजी एवं श्रेय के तहत पॉइंट्स अर्जित करने के अवसर मिलेगा, अर्जित किए हुए पॉइंट्स को छात्र एवं छात्राएँ अपने स्किल बिल्डिंग, कैरियर रेडीनेस एवं भविष्य के पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति के लिए प्रयोग कर सकते है। वर्तमान में यह अभियान उदयपुर के 40 विद्यालयों के लिए चलाया जा रहा है जिसे विज्ञान समिति एवं विद्यालय उद्यम आने वाले समय में 200 से अधिक विद्यालयों में प्रसारित करेंगे।

### रोबोटिक्स कार, पीडोमीटर और मोशन सेंसर का दिया डेमो

समापन समारोह में कक्षा 7 से लगाकर 12वीं तक के अलग-अलग विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स कार तैयार कर इसे अपने मोबाइल से नियंत्रित करने, घरों की रोशनी को मोबाइल से ऑपरेट करने, पीडोमीटर तैयार करने, विभिन्न प्रकार के सेंसर युक्त उपकरणों के निर्माण का लाइव डेमो प्रस्तुत किया और अतिथियों को आकर्षित किया। इस मौके पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बड़गाँव से जिनिशा शर्मा ने अपना अनुभव साँझा करते हुए बताया कि पिछली दो प्रशिक्षण कार्यशाला में उन्होंने सर्किट बनाना, कोडिंग करना, सेंसर प्रयोग करना सीखा एवं रोबोटिक्स कार भी बनाया। महात्मा गांधी धन मंडी विद्यालय से अनम, निहांशी, मुकेश एवं नरेश ने कोड फार चेंज अभियान की विस्तारपूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया की उदयपर के विभिन्न तहसीलों में कंप्यूटर लैब की क्या स्थिति है एवं 2027 तक कैसे जिले में कंप्यूटिंग शिक्षा को सबके लिए सरल व सहज बनायेंगे। कार्यक्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बारपाल, पी.एम श्री विद्यालय सुखेर, एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुवाना के छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस मौके पर अतिथियों ने प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम में विज्ञान समिति के सदस्य पूर्व इसरो वैज्ञानिक सुरेश पोकरना, मेकर लैब के प्रशिक्षक हर्षा, लक्ष्यराज, नरपत अनुराग एवं अनिल कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. एके संचेती ने किया।

### दो महीने आईसीयू में रहने के बाद मिली छुट्टी

## 40 वर्षीय महिला को पीएमसीएच के चिकित्सकों ने दिया नया जीवन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में गंभीर बीमारी से पीढ़ित उदयपुर निवासी एक 40 वर्षीय महिला ने दो महीने तक आईसीयू में रहने के बाद जीवन की सबसे बड़ी चुनौती को पार किया, को आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस महिला के सफल इलाज में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.मोहित नरेडी,डॉ. ध्रुविल, डॉ.अतुल,डॉ.हैप्पी एवं आईसीयू टीम से एनेस्थेटिक डॉ.ताशा पुरोहित, डॉ.रविन्द्र, डॉ.रश्मि अरोड़ा,मोईन खान, नरेन्द्र, दिलीप, दिनेश,राकेश एवं जाहिद की टीम का सहयोग रहा। दरअसल इस महिला को 22 नवंबर 2024 को सीने में दर्द की शिकायत के चलते स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत बेहद नाजुक थी। अचानक मरीज की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गईं। आपातकालीन स्थिति में उन्हें सीपीआर देकर जान बचाई एवं तुरंत वेंटिलेटर पर लेकर आईसीयू में भर्ती कर लिया। नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.मोहित नारेडी ने बताया कि महिला के रिश्तेदार उन्हें बेहतर इलाज के लिए अहमदाबाद के एक कॉर्पोरेट अस्पताल ले गए। वहां उन्हें निमोनिया और एक्यूट किडनी इंजरी द्र्यद्ध)ड्ट का सामना करना पड़ा। उनकी हालत बिगड़ने पर डायलिसिस किया गया और ट्रेकियोस्टोमी की। एक महीने बाद मरीज को कोई सुधार न दिखने पर परिजन उसे उपचार के लिए पीएमसीएच लेकर आए। पीएमसीएच में भर्ती होने के बाद, महिला की हालत गंभीर बनी रही। लेकिन अस्पताल के आईसीयू में उत्कृष्ट इलाज और डॉक्टरों की मेहनत के चलते उनकी स्थिति धीरे-धीरे सुधरने लगी। डॉ.ताशा पुरोहित,डॉ.रश्मि अरोड़ा और आईसीयू टीम के अन्य सदस्यों ने उनके इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लगभग दो महीने तक आईसीयू में रहने और उपचार के बाद, महिला की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

दो सप्ताह पहले उनकी ट्रेकियोस्टोमी ट्यूब हटा दी गई और आज उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आईसीयू की डॉ.ताशा पुरोहित ने बताया कि आईसीयू टीम ने पूरी मेहनत और धैर्य का परिचय देते हुए मरीज की बेहतर देखभाल की साथ ही महिला ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए अपनी जिजीविषा और साहस का प्रदर्शन किया जिसके चलते मरीज स्वस्थ्य हो पाया। महिला के रिश्तेदारों ने डॉक्टरों और पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

## डीएलएड परीक्षा का संशोधित टाइम टेबल घोषित

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शिक्षा विभागीय परीक्षाएं पंजीयक बीकानेर द्वारा डीएलएड की स्थगित की गई परीक्षाओं की नवीन संशोधित तिथियां घोषित कर दी है। इसके तहत डी.एल.एड. परीक्षा (प्रथम वर्ष प्रोन्नत / प्रोन्नत द्वितीय अवसर परीक्षा) कार्यक्रम 2024 (संशोधित) के अनुसार गुरूवार दिनांक 16-01-2025 को सुबह 10.00 बजे से 1.00 बजे तक होने वाला पर्यावरण अध्ययन का पेपर अब 27-01-2025 सोमवार को सुबह 10.00 बजे से 1.00 बजे तक होगा इसी प्रकार ,20-01-2025 को सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक होने वाला कला शिक्षा की परीक्षा 27.01.2025 सोमवार को दोपहर 2.00 बजे से 4.00 बजे तक होगा जबकि शनिवार 25-01-2025 सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित होने वाला सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी का प्रश्न 28.01.2025 मंगलवार को सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित होगा।

इसी प्रकार डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष (नियमित / पूर्ववर्ती / पूरक) परीक्षा कार्यक्रम 2024 (संशोधित) के अनुसार बुधवार 15-01-2025 को दोपहर 2.00 से 5.00 बजे तक का तृतीय भाषा शिक्षण प्रश्न पत्र 29-01-2025 बुधवार को सुबह 10.00 बजे से 1.00 बजे तक होगा,जबकि गुरुवार 16-01-2025 दोपहर 2.00 से 4.00 बजे तक आयोजित होने वाला स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा का प्रश्न पत्र 29-01-2025 बुधवार को दोपहर 2.00 से 4.00 बजे तक आयोजित होगा। इसी प्रकार सोमवार 20-01-2025 को दोपहर 2.00 से 5.00 बजे तक होने वाला सामाजिक विज्ञान शिक्षण का प्रश्न पत्र अब 30-01-2025 गुरुवार सुबह 10.00 बजे से 1.00 बजे तक आयोजित होगा। यह जानकारी डाइट प्रिंसीपल डीईओ चन्द्रशेखर जोशी ने दी।

## झूलेलाल भवन में सजेगी सुरों की महफ़िल, सुरों की मंडली के साथ सिंधी समाज के युवा देंगे प्रस्तुति

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** शहर के शक्ति नगर स्थित झूलेलाल भवन में 2 फरवरी को सुरों की एक सुरमई शाम आयोजित की जाएगी, जिसमें सिंधी समाज के युवा अपनी प्रतिभा के रंग बिखरेंगे। इस आयोजन में सिंधी और हिंदी गीतों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम संयोजक मुकेश माधवानी ने बताया कि यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जिनमें संगीत के प्रति रुचि है लेकिन अब तक अपने इस हुनर को सामने लाने का मौका नहीं मिला। उन्होंने बताया कि संगीत जीवन को खुशियों और सुकून से भर देता है, और इस आयोजन का उद्देश्य इसी एहसास को समाज तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के प्रायोजक हेमंत भागवानी ने बताया कि आज की व्यस्त जिंदगी में इंसान अपने अंदर छिपी खुशियों के पल जीने से चूक जाता है। इस तरह के कार्यक्रम न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि आपसी सौहार्द और खुशी का वातावरण भी बनाते हैं। संयोजक हरीश राजानी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से नई प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

वहीं उमेश मनवानी ने कहा कि पहली बार होने वाले इस कार्यक्रम में सिंधी समाज के युवाओं की छिपी हुई प्रतिभा सामने आएगी। उन्होंने बताया कि जो भी भाई-बहन संगीत में रुचि रखते हैं, वे 30 जनवरी तक मुकेश माधवानी 9829243207 पर संपर्क कर अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

## गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

● पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़ ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन मोहनलाल सुखाडिया स्टेडियम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रतापगढ़ में 26 जनवरी, रविवार को किया जाएगा और प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने बताया कि ध्वजारोहण के उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण और मार्च पास्ट, महामहिम राज्यपाल महोदय का संदेश वाचन, नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुख्य अतिथि का उद्बोधन, पीटी प्रदर्शन, सामूहिक नृत्य, पुरूस्कार वितरण व झांकी प्रदर्शन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ होगा।

### डीजल और एल्काइन बेंजीन की तस्करी का खुलासा

## दो आरोपी गिरफ्तार, दो सौ लीटर डीजल और 57 हजार लीटर एल्काइन बेंजीन जब्त



● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध डीजल और एल्काइन बेंजीन की तस्करी का बड़ा मामला पकड़ा है। नेशनल हाईवे 48 पर बौखला-शेरावाडा के बीच स्थित महासागर राजधानी होटल के पास से पुलिस ने यह कार्रवाई की। थानाधिकारी कैलाश सोनी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में होटल के आगे और पीछे खड़े गुजरात नंबर के दो टैंकरों से अवैध कारोबार का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने मौके से लगभग 200 लीटर अवैध डीजल और दो ट्रक टैंकरों में भरा 57 हजार लीटर एल्काइन बेंजीन जब्त किया। छापेमारी के दौरान तीन लोग प्लास्टिक के जरीकेन में डीजल निकाल रहे थे। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, जिनमें से दो को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के खेरसाहा थाना क्षेत्र के गुलेरिया निवासी रामसुभाग यादव और गुजरात के सेहरा थाना क्षेत्र के नाडा निवासी हितेश पटेलिया के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध ईंधन की तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्षपूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुई जिला स्तरीय संवाद कार्यशाला

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कलेक्टर डॉ.अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संवाद कार्यशाला का आयेजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ओडिटोरियम हॉल में किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 600 अध्यापक/अध्यापिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, ए.एन.एम, राजीविकाकी महिलाएं तथा महिला अधिकारिता विभाग की साथिनों ने भाग लिया। सहभागियोंको संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन में मौजूद संभागियों से उनके योगदान पर चर्चा की तथा कार्यशाला के विषयों की रोजमर्रा की जीवन में उपयोगिता के बारे में बताया। सहायक निदेशक नेहा माथुर महिला अधिकारिता विभाग ने बताया की इस कार्यशाला का उद्देश्यअधिक से अधिक लोगों को कैंसर जागरूकता, वित्तीय प्रबन्धन, साइबर क्राइम, यातायातनियम तथा कचरा प्रबन्धन पर जानकारी प्रदान करना है।

**साइबर अपराध की दी जानकारी :** डॉ. लखपत सिंह जिला चिकित्सालय द्वारा कैंसर विषय परविस्तृत जानकारी प्रदान की तथा डॉ. नंदकिशोर ने आपातकालीन स्थिति में पीड़ितको सी.पी.आर. देकर किस प्रकार बचाया जा सकता है का डेमो दिया। पुलिस विभाग सेउपस्थित ए.एस.आई प्रतापसिंह ने साइबर अपराध की जानकारी देते हुए बताया कि हमेंकिसी भी स्थिति में किसी भी अनजान के साथ अपना ओ.टी.पी., बैंक विवरण साझा नहीं करना चाहिए ना हि किसी अनजान लिंक पर क्लिक करना चाहिए। उन्होने साइबरहेल्पलाईन नंबर 1930 व साइबर सेल प्रतापगढ़ के मोबाईल नंबर 9257749686 साझा किये। आयुक्त नगर परिषद ललित सिंह ने कचरा प्रबन्धन पर जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जा रहा है।जिसके तहत खुले में शौच मुक्त भारत, ठोस कचरा प्रबन्धन, कृषिअपशिष्ठ प्रबन्धन, बायो मेडिकलअपशिष्ठ प्रबन्धन व अन्य प्रकार के अपशिष्ट के प्रबन्धन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि सभी को अपने घर के गीला और सुखा कचरा तथा प्लास्टिकअपशिष्ट पृथक कर उसका निस्तारण करना चाहिए। जिला परिवहन अधिकारी दुर्गाशंकर द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट एवं सीट बेल्ट आवश्यक है तथा शराब पीकर किसी भी स्थिति में वाहन नहीं चलाना चाहिए। प्रतापगढ़ जिले कीपरिस्थिति विशेष के मद्देनजर विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्रदान की गयी।

## इंडिया गेट से साइकिल पर 1447 किलोमीटर का संदेशपरक सफर पहुंचा

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' के विजन को साकार करने के उद्देश्य से उदयपुर के दो साइकिलिस्ट अकबर अली बंदूकवाला और ऋषभ जैन की नई दिल्ली के इंडिया गेट से मुम्बई स्थित गेटवे ऑफ इंडिया तक की साइकिल यात्रा बुधवार को उदयपुर पहुंची। सोमवार को नई दिल्ली से प्रारंभ हुई इस यात्रा के तहत उदयपुर पहुंचें दोनों साइकिलिस्ट का डीपीएस स्कूल परिसर में उदयपुरवासियों ने भव्य स्वागत किया। डीपीएस स्कूल के सभागार में आयोजित हुए साइकिलिस्ट के अभिनंदन समारोह में समाजसेवी गोविंद अग्रवाल, एडीएम दीपेंन्द्रसिंह, श्याम एस सिंघवी, ख्यातनाम वास्तुविद सुनील एस लड्ढा, कौसरअली कुराबड़वाला, शब्बीर मुस्तफा, अब्बास अली बंदूकवाला सहित बड़ी संख्या में शहरवासी और दाउदी बोहरा समाज के प्रतिनिधियों ने अकबर अली बंदूकवाला और ऋषभ जैन का अभिनंदन किया। इस दौरान अपने संबोधन में साइकिल यात्रियों ने उदयपुर में मिले अपार स्नेह के लिए आभार जताया और स्कूली विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रारंभ की गई इस यात्रा के बारे में जानकारी दी और फिट इंडिया का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में डीपीएस प्रधानाचार्य संजय नरवारिया, उप प्रधानाचार्य राजेश धाबाई, उदयपुर साइक्लिंग क्लब के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में शहरवासी और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम दौरान अकबर अली ने बताया कि दोनों यात्री 23 जनवरी को खेरवाड़ा से रवाना होकर नडियाद पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि साइकिल पर कुल 1447 किलोमीटर के इस सफर का समापन 26 जनवरी को मुंबई स्थित गेटवे ऑफ इंडिया पर होगा।

### कपडा बैंकः कॅरियर संस्थान राजसमन्द ने सेवा प्रकल्प के तहत जरूरतमंदो को किया कपड़ो का वितरण

## जरूरतमंदों की सेवा, सहायता ही सर्वोपरि धर्म हैः पालीवाल

● पदमावत मीडिया

**राजसमन्द।** ठंड से बचने के लिए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजस्थान की यूथ आइकॉन पैडवूमन भावना पालीवाल के कपडा बैंक ने कॅरियर संस्थान राजसमन्द और नेहरु युवा केंद्र के सहयोग से बुधवार को राजसमन्द के पलेवा मंगरी, गडरियावास, गुर्जरो का गुड़ा, गेला, उमरिया की भागल, गोवालिया, पुठोल रीको एरिया के पीछे,जरूरतमंदों को नये कम्बल एवं गर्म कपड़े का वितरण अलग अलग स्थानों में जाकर किया । कॅरियर संस्थान राजसमन्द के सचिव निलेश पालीवाल ने बताया की ग्रामीण क्षेत्रो में, कच्ची बस्तियों में, दूर दराज के इलाको में जहां निर्धन, असहाय, विक्षिप्त, एवं जरूरतमंद लोग खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे है, ऐसे



लोगों को ठंड से बचने के लिए कपडा और कम्बल का वितरण का कार्य नवम्बर माह से जारी है। कॅरियर संस्थान राजसमन्द ने कपडा बैंक के माध्यम से नवम्बर माह में वितरण कार्य शुरू किया था जो राजसमन्द, नाथद्वारा, रेलमगरा, भीम, देवगढ़, कुम्भलगढ़, आमेट के कई इलाको में कपडा बैंक के वेन पहुंची और सेवा कार्य करने का कार्य किया इस बार संस्था द्वारा लगभग दो हजार से अधिक जरूरतमंदों लोगों को कम्बल, तीन हजार पांच से से अधिक जरूरतमंदों को गर्म कपड़े का और कई बच्चो को स्वेटर वितरण करने का कार्य सेवा प्रकल्प के तहत किया जा चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल ने बताया की जरूरतमंदों की सेवा, सहायता ही सर्वोपरि धर्म है सेवा के भावों को अंगीकार करते हुए समाज को अनुकरणीय दिशा दी जा सकती है। मानव समाज में हमेशा सेवाभाव होना अति आवश्यक है। इससे समाज के अंदर फैली कुरीतियां समाप्त होती हैं। सामान्य सेवा कार्यो को भी व्यक्ति यदि जीवन पर्यंत करता रहे तो उसका अहं भाव पूरी तरह समाप्त होकर उसके लिए आध्यात्मिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर देगा। एक-दूसरे के प्रति प्रेमभाव से सामाजिक एकता, शांति और भाईचारे का आधार बनता है। संस्थान के कार्य के लिए संरक्षक महेश पालीवाल, देवगढ़ प्रभारी भूपेंद्र परिहार, उपाध्यक्ष गुंजन शर्मा, राजसमन्द प्रभारी मीनल पालीवाल, भीम प्रभारी प्रवीण सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष अवंतिका शर्मा, शशिकांत जोशी, भावना सुखवाल, कुम्भलगढ़ प्रभारी गोकुल सेनी, आमेट प्रभारी विजय लक्ष्मी धाभाई, हंसा वैष्णव, दिलखुश सेन, सुमन, आशा, किरण गोस्वामी, अरीना बानो, वेदही परिहार, रिद्धिमा चौहान, निकिता वैष्णव सनी सिंह सहित कई लोगो द्वारा वितरण के लिए मदद की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।